JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in; **Phone No:** 0141-2822760

आज़ादी का अमृत महोत्सव

-- --

2024/08/404–**प्रेस विज्ञप्ति** | **दिनांक:** 07.08.2024

"मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत हरियाली तीज पर जयपुर मेट्रो में किया गया पौधारोपण।"

जयपुर 07 अगस्त। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत राजस्थान के पारंपरिक त्यौहार हरियाली तीज के मौके पर मानसरोवर स्थित जयपुर मेट्रो रेल के डिपो परिसर में निदेशकगण एवं अधिकारियों द्वारा छांयादार एवं फलदार पौधे लगाये गये।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पी.रमेश ने सभी को हरियाली तीज की बधाई देते हुए बताया कि सभी को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान **"हरियालो राजस्थान"–"एक पेड़ माँ के नाम"** के तहत वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए, साथ ही लगाये गये पौधो को पारिवारिक सदस्य के रूप में स्वीकार कर उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लेना चाहिए।

यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति जयपुर मेट्रो द्वारा **"हरियालो राजस्थान–समृद्ध राजस्थान"** के सपने को साकार करने के प्रति बढ़ता कदम है। इसी तरह भविष्य में भी जयपुर मेट्रो द्वारा पर्यावरण के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाया जाता रहेगा।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो